राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 26 दिसम्बर। कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में दिनांक 28 दिसम्बर, 2022 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक अधिवेशन आयोजित किया जायेगा। अधिवेशन में राजस्थान प्रभारी श्री सुखजिन्द्र सिंह रंधावा एवं मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत भी शामिल होंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले इस अधिवेशन में राज्य सरकार के मंत्रीमण्डल के सदस्यगण, पार्टी के विधायकगण, विधायक प्रत्याशीगण, सांसदगण, सांसद प्रत्याशीगण, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, जिला कांग्रेस कमेटियों के वर्तमान/निवर्तमान जिलाध्यक्षगण, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्यगण, निगम/बोर्ड/आयोग के चेयरमेनगण, पार्टी के जिला प्रमुखगण, प्रधानगण, नगर निकाय के अध्यक्षगण, अग्रिम संगठनों के प्रदेशाध्यक्षगण, विभाग व प्रकोष्ठों के वर्तमान/निवर्तमान प्रदेशाध्यक्षगण/संयोजकगण सहित प्रमुख कांग्रेसजन भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि अधिवेशन में संगठनात्मक एवं सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाकर महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्ताव पारित किये जायेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter